## जिले में अमरवाड़ा, जामई, पांढुर्णा विधानसभा में हुआ सबसे अधिक मतदान

# लोकतंत्र के महापर्व पर जिले में हुआ 79.59 प्रतिशत मतदान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मध्यप्रदेश की छह लोकसभा सीटों पर मतदान के साथ छिंदवाड़ा में भी मतदान किया गया। छुटपुट घटनाओं को अगर छोड़ दे तो मतदान लगभग शांतिपूर्ण ही कहा जा सकता है। जिले में 79.59 प्रतिशत मतदान के साथ छिंदवाड़ा का मतदान का प्रतिशत संतोष जनक रहा। भयंकर गर्मी और चिलचिलाती धूप में दोपहर को मतदान का प्रतिशत कम रहा परंतु शाम ढलते तक मतदान का प्रतिशत काफी बढ़ गया। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में अच्छा खासा उत्साह देखा गया।वहीं बुजुर्ग, किन्नर, नवविवाहित युगलों ने दुल्हा दुल्हन के वेश में भी मतदान किया। शासन की मतदान को बढ़ाने और मतदाताओं को रिझाने के लिए जो प्रबंध किए थे वह निश्चित रूप से सराहनीय थे और पिंक बूथ और हरोवालो बूथ में लोगों को बहुत आकर्षित किया। छिंदवाड़ा सात विधानसभा क्षेत्रों में जामई 81.79, अमरवाड़ा 82.33, चौरई 80.05 ,सौंसर 80.02 , छिंदवाड़ा 75.16, परासिया 77.39 और पांढुर्णा 80.61 कुल मतदान 79.59 प्रतिशत रहा। जिले में 1632190 मतदाताओं में 666178 पुरूषों ने मतदान किया। वहीं 632819 महिलाओं ने मतदान किया। वहीं इसमें महिला पुरूषों के अलावा किन्नर भी शामिल है। जामई में तीन किन्नरों ने भी मतदान कर अपनी सेल्फी वायरल की। देर शाम मतदान दलों के आगमन पर जिला प्रशासन ने उनका भव्य स्वागत किया। आतिशबाजी फूलमालाओं से स्वागत करने की परम्परा ने लोगों को बहुत उत्साहित किया। वहीं भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने भी अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिंदवाड़ा के दोनों जिलों छिंदवाड़ा व पांढुर्णा में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ । मतदान के दौरान युवा, बुजुर्ग, महिला व अन्य मतदाताओं में मतदान के प्रति अपार उत्साह देखा गया एवं लोगों ने निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया । मतदान के प्रति मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया तथा मतदाताओं ने प्रातः 7 बजे से ही मतदान करना प्रारंभ कर दिया था। कई मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें भी देखी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रेखा सिंह के साथ आदर्श मतदान केंद्र श्रीनाथ उच्चतर माध्यमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक-2 बूथ क्रमांक 265 में आज मतदान किया। पुलिस अधीक्षक श्री मनीष खत्री ने अपने परिवार के साथ भगवान श्रीचंद स्कूल के मतदान केन्द्र क्रमांक-236 में मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल द्वारा अपनी धर्मपत्नी के साथ एमपी स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन लिमिटेड कार्यालय छिंदवाड़ा के मतदान केन्द्र क्रमांक-259 में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया । सहायक कलेक्टर सुश्री तनुश्री मीणा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल कुमार पटेल, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, लेबर ऑफिसर श्री संदीप मिश्रा व सहायक संचालक शिक्षा जनजातीय कार्य विभाग श्री उमेश कुमार सातनकर सहित अन्य अधिकारियों ने अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर सपरिवार मतदान किया ।

मास्टर ट्रेनर्स ने भी किया मतदान- लोकतंत्र के महापर्व में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ.पी.एन.सनेसर व स्टेट लेबल मास्टर टेनर्स श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर सपरिवार मतदान किया । लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत युवा एवं नवीन मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। युवा मतदाता श्री दीप कुमार बत्रा व श्री हरनुर बत्रा ने नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला भवन जनपद ग्राउंड छिन्दवाड़ा में बनाये गये मतदान केन्द्र क्रमांक-218 में लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार अपना मतदान उत्साहपूर्वक किया, जबकि विधानसभा छिंदवाड़ा की सुश्री नेहा पाण्डे ने अपने मतदान केन्द्र में जाकर मतदान किया और अपने युवा साथियों से भी बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की । लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोकतंत्र के बुजुर्ग व वयोवृध्द प्रहरियों ने इस बार भी मतदान केन्द्र जाकर मतदान किया और अपना फर्ज निभाया। विधानसभा छिंदवाड़ा के मतदान केंद्र 254 मिट्टी परीक्षण कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 4 छिंदवाड़ा सृष्टि माता मंदिर वार्ड नंबर-43 में 72 वर्षीय श्रीमती शाहिदा बी, आदर्श मतदान केंद्र श्रीनाथ उच्चतर माध्यमिक शाला भवन के आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक-265 में 95 वर्षीय श्रीमती उर्मिला चौधरी मतदान किया।

## सात फेरे लेकर वोट देने पहुंचे दूल्हा-दुल्हन



**हर्रई।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण के तहत मध्यप्रदेश की 6 सीटों पर भी चुनाव हो रहे हैं। सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर वोटर्स की कतारें देखी जा रही हैं और इसी बीच ऐसी तस्वीरें भी देखने को मिली हैं जो लोकतंत्र के महापर्व के बीच लोगों के उत्साह को दिखाती है। हर्रई विकाशखण्ड के ग्राम सजवा में शादी के बाद दूल्हा अमरसी यादव, - दुल्हन रंजीता यादव अपने मताधिकार का प्रयोग करने ग्राम पंचायत सलैया बुलाकी के ग्राम साजवा में पहुंचे उन्होंने वोट डालकर सभी से वोट जरूर करने की अपील भी की।



## जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, युवा महिलाओं के साथ-साथ दिव्यांग जनों ने भी किया मतदान



**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुई जहां पर मतदाताओं ने पूर्ण उत्साह के साथ मतदान किया सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक जारी रही मतदान प्रक्रिया के दौरान युवा महिलाओं के साथ-साथ दिव्यांग जनों ने भी मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया वहीं इस दौरान शासन प्रशासन का भी विशेष सहयोग मतदान को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में रहा स्थानीय अनुरागी अधिकारी राजस्व सुश्री कामिनी ठाकुर तहसीलदार प्रीति पटेल पुलिस बल ने अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के के अवस्थी के कुशल मार्गदर्शन में जुन्नारदेव थाना प्रभारी राकेश बघेल के नेतृत्व में समूचे जुन्नारदेव क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई। मतदान के दौरान वार्ड क्रमांक 11 में वार्ड पार्षद भाजपा नेता संजय जैन की उपस्थिति में दिव्यांग जनों ने भी अपने अमूल मत का उपयोग किया वही नव विवाहित दूल्हा और दुल्हन ने भी मतदान कर लोकतंत्र के यज्ञ में अपने मत की आहुति डाली।

## ग्रामीणों ने किया मतदान का बहिष्कार, अधिकारियों की समझाइए इसके बाद मतदान के लिए हुए राजी

**जुन्नारदेव।** आदिवासी विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के ग्राम पंचायत पालाचौरई अंतर्गत ग्राम हर्राढाना के ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं के अभाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। यह बात प्रशासन तक पहुंची तब जनपद पंचायत जुन्नारदेव सीईओ रश्मि चौहान द्वारा ग्राम पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी गई जिसके बाद ग्रामीणों ने मतदान किया। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत हर्राढाना में ग्रामीण सड़क और पानी की मूलभूत सुविधा न होने के चलते लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का मन बन चुके थे जिसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को लगने के बाद प्रशासन सचेत हुआ और ग्रामीण अंचल के ग्राम हर्राढाना पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी गई साथ ही जल्द से जल्द मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी आश्वासन भी दिया गया जिसके बाद ग्रामीणों ने मतदान किया।

## कुछ विवादों के साथ परासिया में मतदान संपन्न, न्यूटन और परासिया में हुआ विवाद







**परासिया :-** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शुक्रवार को सुबह 7 से मतदान शुरू हुआ जो कुछ विवादों के साथ शाम 7 बजे समाप्त हो गया । विधानसभा परासिया के न्यूटन और परासिया में विवाद की स्थिति बनी । इसके अलावा अन्य सभी क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया ।परासिया विधानसभा क्षेत्र में शाम 6:30 बजे तक 72% मतदान पूरा होने की खबरें मिली इस बीच न्यूटन और परासिया से विवाद होने की खबरें भी आईं , हालांकि समय रहते पुलिस और प्रशासन में मामलों को शांत कर दिया । न्यूटन नंबर 4 बूथ क्रमांक 149 में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए । कांग्रेस कार्यकर्ता अधिवक्ता बृजलाल वर्मा और उमर खान ने भाजपा कार्यकर्ता और पार्षद जयंत राय के खिलाफ शिकायत की है वही पार्षद जयंत राय ने भी बृजलाल और उम्र के खिलाफ शिकायत की है । इस मामले में एसडीओपी जितेन्द्र सिंह जाट ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है । वहीं परासिया में कांग्रेस कार्यकर्ता अधिवक्ता विवेक मिश्रा ने खुद के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा बदतमीजी करने उनके साथी के साथ मारपीट करने और पैसा छुड़ाने की शिकायत पुलिस से की है ।

## पांढुर्णा में हुआ 80.6% मतदान, मतदाताओं में दिखा रूझान



निर्वाचन कार्यालय पांढुर्णा को चुनाव दल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र पांढुर्णा में शाम 6 बजे तक लगभग 80.60% मतदान हुआ है। आशा की जा रही थी कि गर्मी के कारण मतदान प्रतिशत 70 के आसपास रहेगा। लेकिन शहरी के साथ ग्रामीण मतदाताओं ने बढचढ कर मतदान में हिस्सा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे 16%, 11 बजे 34.70%, 1 बजे 56%, 3 बजे 66% तथा 5 बजे 76.88% मतदान हुआ था।

## चिलचिलाती धूप ने मतदाताओं का उत्साह नहीं हुआ कम



**सिंगोड़ी:** लोकसभा चुनाव का पहला चरण सिंगोडी सहित आसपास के क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कड़ाके की धूप और उमस के साथ अपना मत का उपयोग मतदाताओं ने किया । वही प्राप्त जानकारी अनुसार शाम 6 बजे तक वोटिंग का प्रतिशत बूथ क्रमांक 220 बस स्टैंड बालक शाला में 78.87 % मतदान हुआ जिसमे कुल 687 वोट पड़े है कुल 871 मतदाता में से तो वही बूथ क्रमांक 221- में 74.11% मतदान संपन्न हुआ है जिसमे 801वोट पड़े है कुल 1074 मतदाता में से ।वही बूथ क्रमांक 222 नई आबादी हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगोड़ी में 77% मतदान हुआ है जिसमे कुल मतदाता 938 थे जिसमे 727 लोगो ने अपना मत दिया एवं 223 में 81% मतदान संपन्न हुआ कुल वोटर 1209 थे जिसमे 982 वोट पड़े। इसी के साथ पूरे क्षेत्र क्षेत्र में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न हुआ।

### ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा विभाग की पोल खोलती घटिया सड़क

# सेहराढाना से लुक्काढाना सड़क डामरीकरण हुई गिट्टीकरण में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया




तामिया जनपद की ग्राम पंचायत सेहराढाना से, लुक्का ढाना तक, 3 किलोमीटर डामरी कृत सड़क निर्माण ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा विभाग संभाग क्रमांक 2 के तहत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 किलोमीटर सड़क ठेकेदार इका रूल हक द्वारा डामरीकरण सड़क का कार्य करवाया गया था । जिसमें ठेकेदार की अवधि की गारंटी भी अनुबंध में थी। लेकिन यहां पर लगाए गए सीमेंट के , लिखे बोर्ड पर ना तो कोई शुरू होने का उल्लेख है। ना ही कोई गारंटी का इसलिए यह कहना मुश्किल है । कि वर्तमान में यह गारंटी अवधि में है। कि नहीं। लेकिन जो भी हो यह ठेकेदार एवं विभाग का काम है। लेकिन सड़क देखकर यह लगता है । कि यह सड़क दोयम दर्जे एवं गुणवत्ता हीन बनाई गई है। इसमें जो डामरीकरण कार्य किया गया है। वह तो पहली नजर में ही ऐसा लगता है। कि सिर्फ डामर के नाम पर डामर की पुताई की गई है। जबकि डामरीकरण के अपने मापदंड होते हैं। और डामर की कितनी मात्रा गिट्टी के साथ मलाई जाती है। उसका ना तो विभाग ने ना ठेकेदार ने पालन किया और वर्तमान में यह सड़क अपनी कहानी खुद कहने लगी। और इस सड़क का शत प्रतिशत डामर उखड़ कर ये गिट्टी करण मार्ग नजर आने लगा है । जिसमें अब ग्रामीणों का चलना दूभर हो गया है। और इस सड़क में अगर जरा सा भी संभाल कर ना चलें। तो इसमें फिसलने की पूरी गारंटी इस उखड़े हुए डामर के कारण बन चुकी है । जबकि भारीया । जनजाति के ग्रामीणों के बच्चे को देलाखारी एवं शहरा ढाना स्कूल साइकिल से तो जा ही नहीं सकते। क्योंकि सड़क डामर छोड़ चुकी हैं। ये गिट्टी मुसीबत का सबब जो बन गई है। इस ग्रामीण यत्रिकीय सेवा विभाग एवं ठेकेदार की मिली भगत से बनी यह घटिया सड़क अब लोगों के लिए परेशानी की सड़क साबित हो रही है। जो इस सड़क पर देखा जा सकता है। हालांकि गलती ठेकेदार एवं विभाग के तकनीकी अधिकारियों की हैं। लेकिन खामियांजा लुक्का ढाना, डोबरी ढाना,मकरन ढाना,के ग्रामीणों की परेशानी यदि को दूर करना है । तो इस सड़क पर शीघ्र ही डामरीकरण करवा कर इसे दुरुस्त करवाने की जरूरत आन पड़ी है । लेकिन ऐसा संभव नहीं है। क्योंकि वर्तमान में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। आचार संहिता लगी है। तो विभाग की इस गलती का खामियाजा ग्रामीणों को आने वाली बरसात में ज्यादा भुगतना पड़ेगा।

## महिला प्रसाधन गेट पर छपा पुरुष का फोटो कर रहा है महिलाओं को भ्रमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया पर्यटन, स्थल के साथ तहसील मुख्यालय होने के कारण यहां पर ग्रामीण क्षेत्रों से अपने शासकीय कार्य एवं जरूरत की सामग्री खरीदने वाले लोगों का तामिया आना प्रतिदिन लगा रहता है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाओं सहित सैकड़ो ग्रामीण प्रतिदिन तामिया बाजार में आते हैं । यहीं पर बस स्टैंड भी हैं। यहां पर छिंदवाड़ा से पिपरिया के बीच चलने वाली सभी बसें बहुत देर तक यहां पर रूकती हैं। क्योंकि उपयुक्त स्थान एवं शौचालय जैसी व्यवस्थाएं बसो की सवारीयो के लिए है। लेकिन तामिया का यही सार्वजनिक शौचालय जो गंदगी एवं अवस्थाओं के कारण इसमें गंदगी एकत्रित होने की वजह से ईसमें प्रवेश करना मुश्किल काम है। और अब चूकीं लोगों को शौचालय एवं पेशाब करने की मजबूरी जो है । मजबूरी में उन्हें इसका इस्तेमाल करना पड़ता है। लेकिन इसी शौचालय में स्वच्छता का एक संदेश लिखा है। जिसके ऊपर महिला प्रसाधन भी लिखा हुआ है। जिसका उद्देश्य यह महिलाओं के लिए प्रसाधन स्थान है। लेकिन पंचायत गफलत में यह भूल बैठी। और उसने स्वच्छता का संदेश देने वाला स्लोगन को महिला प्रसाधन के नीचे पुरुष का फोटो बनवा डाला। जबकि वहां पर महिला का फोटो स्वच्छता नियम के तहत बनाया जाना था। क्योंकि । ग्रामीण क्षेत्रों से अनपढ़ महिला भी आती है। और महिला प्रसाधन के नीचे पुरुष के बने हुए फोटो से भ्रमित होकर पुरुष प्रसाधन में प्रवेश कर जाती हैं। जो अनपढ़ महिला शर्मिंदगी के कारण शौचालय में घुसने के कारण महिला प्रसाधन की ओर ध्यान ना जाकर पुरुष के चित्र पर ध्यान चला जाता है। तामिया पंचायत के सचिव की इस छोटी सी गलती का खामियांजा कई बार गफलत में महिलाओं को पुरुष प्रसाधन में प्रवेश कर भुगतना पड़ रहा है। यह तामिया मुख्यालय ग्राम पंचायत की लापरवाही की श्रेणी मेंआता हैं।

## दूल्हा बने शिवसिंग डेहरिया ने अपने साथियों के साथ किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

लोकतंत्र का महापर्व 19 अप्रैल को पूरे जिले में एक महोत्सव के साथ मनाया जा रहा है इस अवसर पर मतदान केंद्र बम्हनी लाला के दूल्हा बने शिवसिंग डेहरिया ने अपने साथियों के साथ जाकर मतदान किया और कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर सब लोग मतदान करे एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। शिवसिंग डेहरिया ने बम्हनी लाला में मतदाताओं को जागरूक कर निपक्ष मतदान करने के लिये प्रेरित किया। तो वही युवाओं के साथ जाकर मतदान किया। इस अवसर पर अरविंद डेहरिया, ललित डेहरिया, आशीष डेहरिया, शिखा डेहरिया सहित सैकड़ो युवाओं ने मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागीता निभाई।

## सफलता पूर्वक संपन्न हुई तीन दिवसीय राम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

श्री सुन्दरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा सफलतापूर्वक हुआ तीन दिवसीय श्री रामजन्मोत्सव साथ ही निकली गई विशाल भव्य शोभायात्रा जगह जगह भव्य स्वगत
श्री सुन्दरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित विशाल तीन दिवसीय रामजन्मोत्सव का भव्यता से सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ साथ रामनवमी की शाम ग्रुप द्वारा विशाल शोभायात्रा निकली गई जगह जगह भव्य स्वगत जिसमें सभी ने उपस्थित होकर रामलला जी के दर्शन कर पूण्य लाभ अर्जित किया ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने पूरे जिलेवासियों शहरवासियों को धन्यवाद देकर साधुवाद किया और कहा आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद और आशीर्वाद और सहयोग हमेशा बना रहे ताकि ग्रुप द्वारा इसी तरह धर्म को आगे बढ़ाएं।

## रेत माफियाओं पर नहीं लग रहा अंकुश, शिवपुरी क्षेत्र में बेखौफ जारी रेत का अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

कोयलांचल क्षेत्र के रावनवाड़ा से लेकर शिवपुरी और इसके आसपास के क्षेत्र के रेत माफियाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है । इस क्षेत्र में दिन-रात रेत का अवैध परिवहन जारी है । जिम्मेदार अधिकारी देख कर भी अनदेखा कर रहे हैं । इससे सरकार के राजस्व पर डाका डल रहा है । गौरतलब है कि शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरी , नवेगांव , बिजोरी और फुटारा में रेत खदानें आबंटित है , लेकिन इस क्षेत्र के रेत माफिया शिवपुरी ,ढाला, पांडरई, पलटवाड़ा , लोहंगी क्षेत्र में स्थित नदियों से अवैध रूप से रेत निकालकर परिवहन कर रहे हैं । इतना ही नहीं इनके हौसले इतने बुलंद है , कि ये लोग फर्जी रॉयल्टी काट कर देने से भी बाज नहीं आते हैं । इन्हें ना अधिकारियों का डर है और नहीं आचार संहिता से लेना देना है । अधिकारियों से साठगांठ के चलते अवैध रूप से रेत का कारोबार जारी है । रेत ठेकेदार निर्धारित स्थान के अलावा अन्य स्थानों से भी रेत का उत्खनन कर रहे हैं । इन सारी स्थितियों की जानकारी सभी जिम्मेदार अधिकारियों को है , लेकिन इन कारोबार में रसूखदारों के शामिल होने के चलते इन कामों को पूरी तरह बंद कर पाना नामुमकिन नजर आ रहा है ।

### घट विसर्जन कार्यक्रम सम्पन्न

**छिंदवाड़ा।** माँ दुर्गा गणेश शनि सेवा समिति श्रीश्री सिंह वाहिनी मंदिर पी डब्लू डी परिसर शिवनगर कालोनी में रामनवमी के दिन रामजन्म उत्साह और घट विसर्जन का कार्यक्रम समिति के सदस्यों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा सम्पन्न हुआ । समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने जानकारी देते हुये बताया कि दोपहर 12 बजे बड़े धूमधाम से आतिशबाजी कर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर राम जन्म उत्सव मनाया गया शाम को बाजे गाजे के साथ छोटा तालाब में घट विसर्जित किया गया ।घट विसर्जन के उपरांत रात 8 बजे विशाल भंडारा प्रसाद वितरण किया गया । रामजन्म उत्साह और घट विसर्जन कार्यक्रम में श्री पंडित राम शर्मा , श्री रोमी राय , श्री धनराज यादव , श्री दिनेश शुक्ला , श्री गणपत साहू ,श्री कृष्णा राव ताठे , श्री चुन्नीलाल खुराना , श्री अनिल शुक्ला , श्री पी के पांडेय ,श्री देवेन्द्र अग्निहोत्री , विनोद पूरी , तथा श्री अम्बिका प्रसाद मिश्रा , श्री सुरेंद्र दुबे प्रधान पुजारी उपस्थित थे ।

### नेटवर्क की समस्या एवं पानी को बताया मतदान बहिष्कार का कारण

## ग्राम बहेला में मतो का किया गया बहिष्कार, मतदान केंद्रों में रहे मतदाता नदारद

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी मुख्यालय अंतर्गत ग्राम बाहेला में मत दान करने से ग्रामीणों ने इंकार कर दिया हैं। जिसका मुख्य कारण नेटवर्क की समस्या तथा भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान मतदाता जिन्होंने आज अपनी परेशानियों के चलते मतदान करने से इंकार कर दिया हैं। जहां दोपहर 12 बजे तक 2 मतदान केंद्रों में 12 वोट ही डाले गए हैं। नेटवर्क तथा पानी की समस्या कई वर्षो से चली आ रहीं हैं। कई नेताओं जनप्रतिनिधियों के द्वारा आज तक सिर्फ आसवासित ही किया गया । समस्याओं का निवारण आज तक नहीं किया गया हैं।

**मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला:** मतों के बहिष्कार के संबंध में मनाने हेतु लांजी एसडीएम प्रदीप कौरव, एसडीओपी सतेंद्र घनघोरिया लांजी थाना, तहसीलदार लांजी हिम्मत सिंह भवेली, जनपद सीईओ सफी मोहम्मद कुरैशी तथा अन्य प्रशासनिक दल मौके पर मौजूद होकर मतदाताओं की मांगों को सुना तथा अपने स्तर पर समझाइश दी।

**प्रशासन के समझाने पर भी नहीं माने ग्राम बहेला के ग्रामीण:** लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान चल रहा है। इस बीच लांजी लोकसभा क्षेत्र के बहेला ग्राम में मतदाताओं के द्वारा मतदान के बहिष्कार की खबर आई है। प्रशासन मौके स्थल पर पहुंचकर मतदाताओं को समझाने में जुटा है। अधिकारी नाराज लोगों की शिकायतों को दूर करने का आश्वासन देते हुए उनसे आज मतदान जरूर करने की अपील की। परंतु ग्रामीण अपने मांगों को लेकर अड़े रहे ।




**शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को पूर्व में भी बताई गई थी समस्या ग्रामीण:** लांजी तहसील से जुड़े ग्राम बहेला के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया है। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे ग्राम बहेला में टावर की समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन से मांग करने के बाद भी आज तक टावर नहीं लगाया गया और यह समस्या पिछले कई दशकों से चली आ रही है और सबसे बड़ी बात यह है कि ग्राम बहेला अति नक्सल संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है और यहां पर पुलिस थाना भी उपलब्ध है, इसके बावजूद भी आज तक यहां पर टावर की समस्या से निजात नहीं मिल पाया है। आज भी ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम बहेला के ग्रामवासी दसवीं सदी में अपना जीवन यापन कर रहे हैं इस टावर की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से टावर लगाने की मांग की है परंतु आज तक यहां टावर नहीं लग पाया है। जिससे आए दिन नेटवर्क की समस्या बनी रहती है जिसको लेकर लोकसभा चुनाव चल रहे प्रचार में ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का संदेश दिया था ।उसके बावजूद भी प्रशासन नहीं जागा जिसको लेकर गग्रामीणों अपनी मांग पूरी न होने पर आज मतों का बहिष्कार किया। इनके कहने के अनुसार ,समस्या के निवारण पर हीं मतदान किया जावेंगा।

### इनका कहना है

ग्रामीणों को पूर्व में भी समझाइस दी जा चुकी है। और आज भी इन्हें समझाइश दी गई है कि चुनाव में आप अपने मताधिकार का प्रयोग बढ़कर ,चढ़कर करें। और आपकी जो मांग है वह शासन स्तर पर प्रक्रिया लंबित है जैसे ही आचार संहिता समाप्त होगी वह अपग्रेड हो जाएगा।

**प्रदीप कौरव, एसडीएम, लांजी**

सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन को संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान अवगत कराया गया था और सांसद महोदय ने हमारे ग्राम के ग्रामीणों के बीच में एक महीने का समय दिया था और उन्होंने कहा था कि हमारे द्वारा एक महीने में टावर लगा दिया जाएगा। आप जगह का चयन कर लो परंतु उसके बाद से सांसद महोदय ने किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया हम लोगों के साथ जनप्रतिनिधि सिर्फ आश्वासन की बात करते हैं और हमें बेवकूफ बनाकर अपनी सत्ता पा लेते हैं उसके बाद मूड कर भी नहीं देखते इसीलिए अपनी समस्या को देखते हुए हम सभी बहेला ग्राम के ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया है कि हम मतदान केंद्र जाकर वोट नहीं देंगे जब तक हमारे ग्राम में टावर की समस्या हल नहीं हो जाती है तब तक हम वोट नहीं डालेंगे।

**सैयद अरशद, ग्रामीण, बहेला**

## वारासिवनी विधानसभा में लगभग 70 प्रतिशत मतदान

### बोटेझरी, लोहारा व सावंगी में दुल्हा-दुल्हन ने घर जाने व बिदाई के पहले किया मतदान



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** लोकतंत्र के महापर्व में बालाघाट लोकसभा क्षेत्र की वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में शाम 5 बजे तक लगभग 70 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर अपना योगदान दिया। पूरे विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ हैं। कई ग्रामों में भाजपा-कांग्रेस के एजेंट एक साथ काम करते हुए भी दिखाई दिए। जिससे उनके बीच बनी हुई सौहार्द की भावना भी परिलक्षित हुई।

**मतदान केन्द्र में लगी रही लंबी-लंबी कतारेः** वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में प्रातःकाल 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। गर्मी की वजह से मतदाता सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर पहुँचने लगे थे और कई मतदान बूथों पर मतदाताओं की लंबी लंबी लाईन देखी गई। विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने परिवार के साथ वारासिवनी नगर के कमला नेहरु कन्या शाला में स्थित मतदान बूथ में मतदान किया और मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने अपने परिवार के साथ पीले स्कूल में स्थित मतदान केन्द्र में मतदान किया।

**टुईयापार में मतदान बहिष्कार की खबर से पहुँचे अधिकारीः** वहीं वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के दो स्थानों पर देर से मतदान प्रारंभ होने की जानकारी मिली हैं। जिसमें ग्राम घोटी में वीवीपेट मशीन में कुछ खराबी आने के कारण लगभग एक घंटे देर से मतदान प्रारंभ हुआ। वहीं दूसरी ओर ग्राम टुईयापार में किसानों द्वारा 2 फेस ट्रांसफार्मर के स्थान पर 3 फेस का ट्रांसफार्मर लगाने की मॉग को लेकर सुबह से मतदान का बहिष्कार कर दिया गया था। जिसकी सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार मंजूला महोबिया, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, जनपद पंचायत वारासिवनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन, रामपायली टी आई व मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के ए ई तत्काल ग्राम टुईयापार पहुँचे। जहाँ पर किसानों को अधिकारियों द्वारा समझाईस दी गई। लेकिन किसानों द्वारा 3 फेस ट्रांसफार्मर लगाने की मॉग पर अड़े होने के कारण अंततः मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के अधिकारियों को 3 फेस ट्रांसफार्मर लगाने की मॉग को मंजूर करते हुए ट्रांसफार्मर लाने की स्वीकृति दी गई। जिसके बाद सुबह लगभग 9 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। वहीं अधिकारीगण भी जब तक ट्रांसफार्मर ग्राम टुईयापार नहीं पहुँच गया, तब तक सभी अधिकारी वहीं पर रुके रहे।

### किसानों के लिए बुलवाया गया 3 फेस ट्रांसफार्मर-मंजूला महोबिया

नायब तहसीलदार मंजूला महोबिया ने बताया कि किसानों की मॉग थी कि 2 फेस ट्रांसफार्मर के स्थान पर 3 फेस ट्रांसफार्मर लगाया जाए, क्योंकि 2 फेस ट्रांसफार्मर से उनकी पानी की मोटर नहीं चलती हैं, जिससे खेतों में फसल की सिंचाई नहीं हो पाती हैं। उनकी मॉग को गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद 3 फेस का टांसफार्मर ग्राम में बुलवा लिया गया हैं। लेकिन मतदान होने के कारण उसे आज लगाया नहीं गया, कल या परसों ट्रांसफार्मर लगा दिया जायेगा। देर से मतदान प्रारंभ होने के बावजूद भी शाम 5 बजे तक 65 प्रतिशत हो चुका हैं।

**नवविवाहितों में दिखा मतदान के प्रति उत्साहः** वहीं मतदान को लेकर नवविवाहितों में भी विशेष उत्साह देखा गया। जिसका नजारा ग्राम बोटेझरी, ग्राम लोहारा व सावंगी में देखने को मिला। ग्राम बोटेझरी में 18 अप्रैल की रात्रि में मनोज कावरे व नंदा कावरे की सुपुत्री नेहा कावरे का विवाह ग्राम जाम निवासी मोहित लांजेवार के साथ हुई थी। जिसकी बिदाई 19 अप्रैल की सुबह हो रही थी। बिदाई के दौरान ही ग्राम के समाजसेवी प्रहलाद बिसेन ने दुल्हन नेहा कावरे व उसके परिवार को राष्ट्र के नाम मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिस पर दुल्हन नेहा कावरे ने ससुराल जाने के पहले देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए मतदान करने की बात कही। जिस पर उसके पति मोहित ने भी उसका साथ दिया और फिर दुल्हन नेहा अपने पति मोहित के साथ मतदान बूथ पर पहुँची। जहाँ पर उन दोनों का स्वागत मतदान अधिकारियों द्वारा किया। फिर दुल्हन नेहा ने मतदान कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया।

**गृह प्रवेश के पहले दुल्हे ने किया लोहारा में मतदानः** ऐसा ही दूसरा मामला ग्राम लोहारा में हुआ। ग्राम शिवाटोला लोहारा निवासी ईश्वरदयाल बिसेन के सुपुत्र चन्द्रशेखर का विवाह ग्राम बुधाटोला कोपे निवासी लक्ष्मण चौधरी की सुपुत्री प्राची के साथ 18 अप्रैल को रात्रि में ग्राम बुधाटोला में हुई थी। जहाँ से 19 अप्रैल की सुबह दुल्हा चन्द्रशेखर अपनी दुल्हन प्राची को लेकर अपने ग्राम शिवाटोला लोहारा लौट रहा था। लेकिन दुल्हे ने पहले अपने घर जाने के स्थान पर मतदान करने की इच्छा जाहिर की, तो उसके पूरे परिवार ने उसका साथ दिया। उसके बाद वर चन्द्रशेखर अपनी दुल्हन व परिजनों के साथ ग्राम लोहारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 145 में मतदान करने के लिए पहुँच गया।

**मतदान अधिकारियों ने किया वर-वधू का पुष्प गुच्छ से स्वागतः** मतदान केन्द्र पर पूरी बारात को देखकर मतदान अधिकारी व कर्मचारी आश्चर्यचकित हो गए। जब उन्हें पता चला कि दुल्हा चन्द्रशेखर अपनी पत्नि व परिवार के साथ मतदान करने के लिए आया हैं। तो मतदान अधिकारी हरिप्रसाद देशमुख ने दुल्हा-दुल्हन का पुष्प भेंट कर स्वागत किया और फिर उनसे मतदान करवाया।

## शादी समारोह में आए युवक की कुंए में डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमी में विवाह समारोह में शामिल होने के लिए आए एक 30 वर्षीय युवक की कुंए में गिरकर पानी में डूबने से मौत हो गई. घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी मध्य रात्रि की बताई जा रही है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तिरोड़ी थाना क्षेत्र की महकेपार पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम चिटकादेवरी निवासी धनराज पिता शंकर वाघाड़े उम्र 30 वर्ष की कुएं में डूबने से मौत हो गई. धनराज कोसमी में अपने रिश्तेदार कुंजीलाल गाते की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी के साथ आया हुआ था. रात्रि में विवाह समारोह संपन्न होने के बाद सभी सो गए. आज सुबह जब उठकर देखे तो धनराज गायब था. जिसके बाद काफी तलाश की गई तो घर के पीछे खुले कुंए में शव बरामद किया गया. अनुमान लगाया जा रहा है कि रात्रि में लघुशंका के लिए जाने पर हादसा हुआ होगा. कथित तौर पर हुए इस हादसे की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी लेकिन अधिकांश पुलिस बल चुनाव ड्यूटी में तैनात होने की वजह से दोपहर करीब 1 बजे मौके पर पहुंचा. इससे पहले परिजनों ने मृतक का शव कुंए से बाहर निकाल लिया था. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और सरकारी अस्पताल कटंगी में शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है. वहीं पुलिस ने जांच कार्रवाई शुरू कर दी है. इस हादसे के बाद जिन परिजनों को विवाह समारोह की खुशियां मनानी थी. उस घर में मातम छा गया।

## दूल्हे का हाथ थाम वोट डालने मतदान केंद्र पहुंची दुल्हन



हरिभूमि न्यूज लांजी।

बालाघाट सिवनी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पहले चरण के लिए वोट डाले गए। और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को मतदान केंद्रों पर तैनात किया गया । इस दौरान वोटिंग की ऐसी कई तस्वीरें कैमरे में कैद हुई है, जो लोकतंत्र की खूबसूरती को बयां करने के लिए काफी है।कहीं पहली बार वोट करने का उत्साह दिखा तो कहीं नवीन जिंदगी की शुरुआत करने वाले दूल्हा दुल्हन बूथ तक पहुंचे। तपती धूप भी मतदाताओं का उत्साह कम नहीं कर पाई। वहीं, बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र के लांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पूर्वाटोला में शादी के मंडप से निकल नवविवाहिता दूल्हे के साथ सीधे मतदान केंद्र पर पहुंची और वोट किया। नव विवाहित प्रिया और दूल्हा आकाश जो की दोनों ही ग्राम पूर्वटोला के निवासी है और दोनों दूल्हा दुल्हन की शादी आज ही संपन्न हुई । दूल्हा आकाश अपनी नवविवाहिता प्रिया को लेकर मायके से अपने घर लाने के पूर्व मतदान केन्द्र बूथ क्रमांक 261 पहुंचे जिन्हें जनपद सदस्य दिनेश लांडे एवं ग्राम पूर्वाटोला के सरपंच गणेश बागडे ने नव विवाहित एवं दूल्हे को मतदान केंद्र तक लेकर जाने में उनका सहयोग किया और दोनों ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया इसके बाद उपस्थित सहयोगियों ने उन्हें सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने का कार्य किया।

## मतदान केंद्र की गोपनियता भंग करने के मामले में कोतवाली थाने में केस दर्ज

# बालाघाट में शाम 5 बजे तक हुई 71.08% वोटिंग







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग शुक्रवार सुबह 7 बजे से शुरू हो गई है। इसके साथ ही सुबह 10 बजे से पहले ही नक्सल प्रभावित दुगलई बूथ में 100 फीसदी मतदान हो गया। बूथ के सभी 80 मतदाताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ पहुंचकर वोट डाला। अब तक नक्सल प्रभावित बैहर में सबसे अधिक 72.20% तो वहीं सिवनी में सबसे कम 55.52 प्रतिशत वोटिंग हुई।

वारासिवनी क्षेत्र के चंगेरा पंचायत अंतर्गत टुईयापार में ग्रामीणों के चुनाव बहिष्कार की खबर आने के बाद प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाईश दी। इसके बाद ग्रामीणों ने मतदान किया, लेकिन लांजी विधानसभा के बहेला में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी एआरओ पुष्पेन्द्र कौरव ने बताया कि मतदान का बहिष्कार नहीं हुआ बल्कि मत कम डले है।

**बालाघाट लोकसभा क्षेत्र में शाम 5 बजे तक 71.08% हुआ मतदान**

| विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम और नंबर | अनुमानित मतदाता टर्नआउ |
|---|---|
| लांजी | 72.19% |
| वारासिवनी | 69.40% |
| कटंगी | 70.72% |
| बालाघाट | 68.30% |
| परसवाड़ा | 74.08% |
| बैहर | 76.14% |
| बरघाट | 73% |
| सिवनी | 65.52% |

### नक्सली प्रभावित विधानसभा क्षेत्रों में मतदान खत्म

शाम 5 बजे तक बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा बैहर विधानसभा में 76.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। वहीं जिले के नक्सल प्रभावित तीन विधानसभा बैहर, परसवाड़ा और लांजी में शाम 4 बजे मतदान खत्म हो गया। अधिकांश विधानसभा क्षेत्र से पोलिंग पार्टी, ईवीएम को लेकर बालाघाट के लिए रवाना हो गई है। यहां पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम को विधानसभावार बनाए गए कक्षों में सुरक्षित रखा जाएगा।

### मतदान केंद्र की गोपनियता भंग करने के मामले में केस दर्ज

सोशल मीडिया में कुछ मतदाताओं की ओर से मतदान करने की गोपनियता को वायरल किया गया था। जिसकी जानकारी के बाद इसे गंभीरता से लेते हुए एआरओ एसडीएम गोपाल सोनी ने मामले में कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

गौरतलब हो कि मतदाताओं को मतदान केंद्र में मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित किया गया है। बावजूद कुछ लोग, सुरक्षा को ताक पर रख कर बूथ तक ना केवल मोबाइल लेकर गए बल्कि मतदान करते हुए वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में भी डाल दिया। जिसके बाद एआरओ गोपाल सोनी ने वायरल वीडियो के मामले में कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

एआरओ एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि मतदान केंद्र क्रमांक-195 शा. पॉलीटेकनिक पश्चिमी भाग और 242 शा.नेहरू शा. नवीन कक्ष में बने बूथ के वीडियो आने के बाद पुलिस ने वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। दोनों मतदान केंद्रों के वायरल वीडियो में मतदान की गोपनीयता भंग करने पर आरपी एक्ट की धारा-128 का उल्लंघन पाए जाने पर धारा-188 के तहत अपराध किया गया है।

### प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद टुईयापार में मतदान प्रारंभ

जनपद पंचायत वारासिवनी के चंगेरा पंचायत के टुईयापार मतदान केन्द्र में 3 वोट डालने के बाद, यहां बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था। जिसकी जानकारी के बाद एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारी यहां पहुंचे और ग्रामीणों को मनाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण मानने तैयार नहीं थे, अंततः प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाकर उन्हें मनाया, तब कहीं जाकर 11 बजे से यहां मतदान प्रारंभ कराया गया। जिसके बाद अब ग्रामीण वोट करने मतदान केन्द्र पहुंचे है।

### हेलीकाप्टर से नक्सल प्रभावित क्षेत्र का डीईओ डॉ. मिश्रा और एसपी समीर सौरभ ने किया निरीक्षण

मध्यप्रदेश शासन के हेलिकाप्टर से जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के मतदान केंद्रों का जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने हवाई दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नक्सली क्षेत्र में मतदान और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

नगर के मतदान केंद्र 235 में लगभग 10 वोट डालने के बाद मशीन खराब हो गई थी, जानकारी के बाद इसे सुधारा गया है। जिसके कारण लगभग आधा घंटे बाद मतदान दोबारा शुरू हुई। वहीं बालाघाट से भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी ने एक्सीलेंस स्कूल में वोट दिया।

### शादी के जोड़े में मतदान केंद्र पहुंचे नव विवाहित दंपती

बालाघाट के हट्टा गांव में आज तड़के ही एक दुल्हन अपने मायके बालाघाट के मतदान केंद्र पहुंची, दंपत्ति ने विदाई के पहले अपने मताधिकार का उपयोग कर नव विवाहिता ने लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी आहुति दी।

### बसपा प्रत्याशी ने किया मतदान



पूर्व सांसद और बसपा प्रत्याशी कंकर मुंजारे ने बालाघाट नगर के नगरपालिका स्कूल में मतदान किया। मतदान के बाद चर्चा करते हुए बसपा प्रत्याशी कंकर मुंजारे ने कहा कि जनता का आशीर्वाद हमे मिलेगा।

### बघौली में पूर्व मंत्री कावरे ने सपत्नीक किया मतदान

बालाघाट विधानसभा के बघौली मतदान केंद्र में पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर कावरे ने पत्नी कीर्ति कावरे के साथ पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने





कहा कि हमारा मतदान राष्ट्रवाद और देश को विश्वगुरु बनाने के लिए हो।

मरझोर स्थित मतदान केंद्र 311 में नवविवाहित जोड़ा मतदान करने पहुंचा। इस दौरान दुल्हन अनुराधा ने कहा कि मैं सारे काम छोड़कर अपने पति लवकेश के साथ मतदान करने आई हूं। हर अच्छे-बुरे समय में उनका साथ दूंगी। आप सभी लोग भी स्वयं मतदान करें और लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें।

बालाघाट के चांगोटोला मतदान केंद्र में एक नव विवाहित जोड़ा वोट करने पहुंचा। जहां पर उपस्थित ग्रामीणों ने मतदान करने के बाद नव दांपत्य सूत्र में बंधे हुए जोड़े से मतदान के संदर्भ में चर्चा भी की।

### परिवार के 3 पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान

बालाघाट लोकसभा निर्वाचन मतदान केंद्र क्रमांक 215 में बेला पालेवार भटेरा चौकी उम्र 84 साल के साथ परिवार के 3 पीढ़ियों के सदस्यों ने वोट डालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।

## घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



थाना क्षेत्र के ग्राम बिरसोला में कृष्णा राहंगडाले के घर में शुक्रवार की दोपहर अचानक से आग लग गई. घटना के समय गृहस्वामी पुराने घर के सामने बने नए मकान में थे. जैसे ही उन्होंने अपने पुराने मकान में आग की लपटें उठते हुए देखी तो तेजी से मकान की तरह दौड़ लगाई. वहीं आग की लपटें देखते ही गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचें जिन्होंने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तब तक आग से घर के कमरे में रखा अनाज गेहूं, चांवल, कपड़े, बच्चों की किताबें सहित गृहस्थी का अन्य जरूरी सामान जल गया. इसके अलावा मवेशियों का चारा भी जलकर राख बन गया. घर में मवेशी चारा रखा होने के कारण आग की लपटें काफी तेजी से फैली. मकान मालिक के मुताबिक आग से करीब दो लाख का नुकसान हुआ है. आग लगने से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है. पीड़ति ग्रामीण ने प्रशासन को दूरभाष पर आगजनी की सूचना दी परंतु चुनाव डॅयूटी में व्यस्त होने के कारण कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच पाया. पीड़ति ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है. मकान में आग किन कारणों से लगी इसकी पुष्ठि तो नहीं हो पाई परंतु घर में बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## जन सहयोग और भाजपा कार्यकर्ताओं का योगदान मेरी अमूल्य पूंजी

# भारती पारधी ने बालाघाट में सफलतम निर्वाचन के लिए जताया आभार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी ने कल लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र में संपन्न हुए निर्वाचन में अपने मतदान केंद्र में मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने संदेश में कहा, आपका वोट आपकी आवाज़ है। दुनिया को बदलना आपके हाथ में है। वोट देना आपकी जिम्मेदारी और अधिकार है। आपका हर वोट एक मजबूत सरकार और भारत को विकसित बनाने के प्रयासों को गति देने वाला मत है। आईए, हम सब मिलकर अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व का सारे जग में यशोगान करें। अभिभूत बालाघाट सिवनी के मतदाताओं ने मतदान केंद्रो में प्रचंड मतदान कर राष्ट्र के नवनिर्माण पर अपनी मोहर लगाई। जो हमारे लिए गर्व और गौरव की बात है।



**जन सेवा का मिलेगा मार्ग : भारती**

भारती पारधी ने लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न सफलतम निर्वाचन के लिए जनता जनार्दन, निर्वाचन आयोग, प्रशासनिक अमला, अधिकारी- कर्मचारी, मतदान दल, सुरक्षाकर्मी, सफाई कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, सामाजिक संस्थाओं, स्वयं सेवी संगठनों, पत्रकार बंधुओ और निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ताओं सहित सभी का आत्मीय आभार जताया। वहीं भारती पारधी ने प्रचार-प्रसार के दौरान मिले जन सहयोग, जन आशीर्वाद के लिए आम जनमानस, भाजपा संगठन, शीर्ष नेतृत्व और मोदी परिवार के प्रति प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष योगदान के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। यह मेरे जीवन की अमूल्य पूंजी है, जिसके बल पर मुझे जन सेवा का मार्ग मिलेगा। मतदाताओं का उत्साह, उमंग और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा ने मेरा वैभव रहे का भाव संचार किया।

### कासपुर में 24 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन

**वारासिवनी।** सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से आगामी 24 अप्रैल 2024 दिन बुधवार को निरंकारी सत्संग भवन कासपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन निरंकारी मंडल द्वारा आयोजित किया गया हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए महात्मा हरीराम तनवानी ने बताया कि इस संबंध में महात्मा जय चापूकर के निवास स्थान पर एक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें रक्तदान शिविर के कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई हैं। जिसके अनुसार ग्राम कासपुर मं निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। जिसमें अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की गई हैं।

**खबर संक्षेप**

### हनुमान जयंती पर वीर बजरंगी का स्वरूप धारण करेंगे आकाश रंगलानी

**बालाघाट।** हर साल की तरह इस साल भी 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर वीर बजरंगी का स्वरूप निकाला जाएगा। श्री हनुमान सेवादल समिति द्वारा कोविड के दो साल छोड़कर पिछले 6 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के इस सातवें वर्ष में हनुमान भक्त आकाश रंगलानी वीर बजरंगी का स्वरूप धारण करेंगे। इसके लिए उन्होंने 40 दिनों की तपस्या का संकल्प ब्रह्मचर्य व्रत का पालन, सुबह'शाम विशेष तरह का व्यायाम, सात्विक भोजन और हनुमान भक्ति का पालन भी प्रारंभ कर दिया है। जिसको लेकर चैत्र नवरात्र की दुर्गा पंचमी पर श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर के एक कक्ष में स्वरूप की स्थापना की गई। वहीं साधक आकाश रंगलानी ने सुबह पुराने राम मंदिर पहुंचकर हनुमान जी को चोला चढ़ाया। समिति ने बताया कि 17 अप्रैल को रामनवमी से शुभ अवसर पर स्वरूप का ट्रायल किया जाएगा और काली पुतली चौक पर रामनवमी की शोभायात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता जी को प्रणाम करने अपनी सेना के साथ जाएंगे। जबकि 23 अप्रैल की शाम श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर से हनुमान का स्वरूप धारण कर हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो शहर का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। जहां इसका समापन किया जाएगा।

## मतदान को लेकर लांजी में मतदाताओं में अलग ही क्रेज, धूप और गर्मी को मात देकर वोट करने मतदान केंद्र पहुंचे मतदाता

हरिभूमि न्यूज लांजी।



बालाघाट सिवनी लोकसभा सीट में मतदाता पूरे जोश के साथ घर से बाहर निकलकर मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचे। यहां के मतदाताओं में वोटिंग का क्रेज अलग ही देखने मिला। लोकतंत्र के इस महापर्व का आगाज बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से संपूर्ण कराया गया। ऐसे में बात अगर लांजी की करें तो यहां पर सुबह 7 बजे से ही मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। चूंकि लांजी क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। जिसको लेकर यहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किये गये थे। इसके अलावा एक हेलीकॉप्टर भी उपलब्ध कराया गया जो इस पूरी प्रक्रिया में अपनी अहम भूमिका निभाने का कार्य किया और हेलीकॉप्टर के माध्यम से निर्वाचन अधिकारी गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने पूरे जिले सहित आसपास के क्षेत्र में निगाहें रखी थी।

लांजी तहसील के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में लोकतंत्र के इस महापर्व का गजब का उत्साह देखने मिला है। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें नजर आ रही थी। सबसे खास बात यह कि लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, सुबह से ही महिलाओं ने पोलिंग बूथ का रुख कर लिया और जहां पर भारी संख्या में उनकी भीड़ सुबह से ही नजर आने लगी। हालांकि ग्रीष्म काल के कारण भी सुबह से ही लोगों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था लेकिन इनमें सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं की

## पीड़ित मानवता के सेवार्थ जैन युवाओं ने किया 51 यूनिट रक्त का महादान, जिले के लोगों से की मतदान की अपील

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पूरे जिले में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम, जैन समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा किए जा रहे है, इसी कड़ी में 18 अप्रैल को भारतीय जैन संघटना द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पीड़ति मानवता के सेवार्थ जैन संघटना के युवाओं ने 51 यूनिट रक्त का महादान किया। खास बात यह है कि इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कहर हिस्सा लेने वाले युवाओं एवं महिलाओं में 11 से ज्यादा ऐसा रक्तदाता थे, जिन्होंने पहली बार रक्तदान कर रक्तदान के प्रति लोगों को रक्तदान का संदेश दिया।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में जैन संघटना ने रक्तदान के साथ-साथ मतदान करने के लिए भी, लोगों को लोकसभा चुनाव में अपने अमूल्य मतो का निष्पक्ष और निर्भिक होकर मतदान करने संदेश दिया।

इस अवसर पर भारतीय जैन संघटना के प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संकेत सुराना, संरक्षक अभय सेठिया, सोहन वैद्य, जिला अध्यक्ष वर्धमान सेठिया, उपाध्यक्ष मयंक जैन, नगर अध्यक्ष विशाल बोथरा, भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष सम्यक जैन, नगर महिला शाखा की अध्यक्ष श्वेता नाहटा, नगर महिला कोषाध्यक्ष मेघा सेठिया, शेखू वैद्य, विकल्प चौरड़यि, डॉ. प्रशांत पींचा, दीपक जैन, समाजसेवी विकास वैद्य, निखिल सुराना, विजित चौरडिया, नितिन पगारिया एवं महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के समिति के पदाधिकारी एवं भारतीय जैन संघटना के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 133 वीं अम्बेडकर जयंती पर प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार का हुआ लोकार्पण

### थाईलैंड से आई बुद्ध प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

भारत रत्न संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती पर कटंगी के प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार में थाईलैंड देश से प्राप्त बुद्ध प्रतिमा का अनावरण और विहार का लोकार्पण किया गया. अंबेडकर जयंती के मौके पर सुबह 11 बजे सर्वप्रथम बस स्टैंड स्थित अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष भिक्खु संघ, अंबेडकर और बौद्ध उपासक-उपासिकाओं ने माल्यार्पण कर बुद्ध-धम्म वंदना की. जिसके बाद नगर में पैदल रैली निकाली गई. जिसने पूरे शहर का भ्रमण किया. दोपहर में अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े के निवास से श्रामणेर शांति रैली निकाली गई. रैली प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार पहुंचकर कार्यक्रम के रूप में तब्दील हुई. जयंती समारोह में पहुंचे भदंत लोबझांग तेम्पा (तिब्बत), भदंत धम्म शिखर (बालाघाट), भदंत जीनानंद (म्यांमार), क्रांतिकारी भंते विनाचार्य (लखनऊ), बौद्ध अंबेडकर मिशन के प्रखर वक्ता अधिवक्ता गुरूप्रसाद मदन (इलाहाबाद), एस.एल.गेड़ाम (सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी) और इंजीनियर अजय रावतकर, जयंती समारोह कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े जिलाध्यक्ष जिला बौद्ध संघ बालाघाट के हस्ते विहार को लोकार्पण और प्रतिमा का अनावरण किया गया. इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जहां वक्ताओं ने डॉ बाबा साहब अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और समाज के आज के परिदृश्य को लेकर अपने-अपने विचार रखें. सार्वजनिक जयंती समारोह, जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा, नगर शाखा, प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार समिति, महिला समिति कटंगी के संयुक्त तत्वाधान में जयंती समारोह का आयोजन करवाया गया था. समारोह में बड़ी संख्या में शहर और ग्रामीण अंचलों से अंबेडकर और बौद्ध अनुयाई शामिल हुए।

